दैनिक
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 311 मुरादाबाद 11 March 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## उत्तराखंड में फिर बदलेगा सीएम, बीजेपी की बंपर जीत लेकिन धामी हारे



उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा की बहुमत के साथ जीत हो रही है। यह उत्तराखंड के इतिहास में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि कोई पार्टी लगातार दूसरी बार प्रदेश में सरकार बनाएगी। लेकिन मौजूदा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथ निराशा लगी है। खटीमा विधानसभा सीट से धामी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। उनको कांग्रेस के भुवन कापड़ी ने छह हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। इसके बाद अब फिर प्रदेश के मुख्यमंत्री बदले जाएंगे। भुवन चंद कापड़ी युवा नेता हैं और उत्तराखंड के कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। युवाओं के बीच लोकप्रिय भुवन चंद कापड़ी उत्तराखंड यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस में जनरल सेक्रेटरी के पद पर भी रह चुके हैं। उन्होंने 2017 के विधानसभा चुनाव में पुष्कर सिंह धामी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन महज 2709 वोट से हारे गए थे। भुवन कापड़ी को 26,830 वोट मिले थे, जबकि पुष्कर सिंह धामी को 29,539 वोट हासिल हुए थे।

### सीएम धामी के काम नहीं आए काम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने छह माह के मुख्यमंत्रित्व काल में खटीमा में पूर्व में प्रस्तावित कामों को जहां तेजी से संपन्न कराया, वहीं नए काम भी प्रस्तावित किए। मगर यह काम 2022 के चुनाव में मुख्यमंत्री के काम नहीं आए। मुख्यमंत्री द्वा किए गए प्रमुख पांच कामों में चकरपुर में स्टेडियम का शिलान्यास, पूर्व सैनिकों के लिए सीएसडी कैंटीन, जनजाति के विद्यार्थियों के लिए एकलव्य विद्यालय, एनएच 125 बाईपास का निर्माण, रोडवेज बस स्टेशन का लोकार्पण काम हैं। इसके अलावा शहर में सीवर लाइन, नालों को बंद कर उसके ऊपर से सड़क बनाना, नगर का सौंदर्यीकरण शामिल है। आपको बता दें कि उत्तराखंड में अब तक हुए चार विधानसभा चुनावों का इतिहास दो दशक पुराना है। उत्तराखंड में पिछले चार चुनावों में बारी-बारी से कांग्रेस और भाजपा सत्ता पर काबिज रही हैं लेकिन किसी भी पार्टी ने लगातार दूसरी बार कुर्सी हासिल नहीं की। 2002 के चुनाव में कांग्रेस ने सरकार बनाई तो 2007 में भाजपा ने। इसके बाद 2012 में फिर कांग्रेस सत्ता में आई तो 2017 में फिर भाजपा ने प्रदेश में सरकार बनाई। 2022 में एक बार फिर भाजपा सरकार बनाने जा रही है। www.knlslive.com

### हार की मुख्य वजहें

- किसान आंदोलन
- जातीय समीकरण में फेल
- चुनाव में नामांकन के बाद चार बार ही आए खटीमा
- दूसरी विधानसभा सीटों पर फोकस
- प्रचार को प्रदेशभर में भ्रमण
- भाजपा रच रही इतिहास

सभी चुनाव की हर अपडेट के लिए अन्दर के पेज देखे
या
www.knlslive.com पर देखे

## भगवा रंग में नहाया यूपी, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर, AAP की आंधी में दिग्गज धराशायी




उत्तर प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड समेत 5 राज्यों में वोटों की गिनती जारी है। भाजपा पंजाब को छोड़कर बाकी राज्यों में सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। वहीं, पंजाब में आम आदमी पार्टी बंपर जीत के साथ सरकार बना रही है। पांचों राज्यों की मतगणना में चौंकाने वाले परिणाम सामने आ रहे हैं। राजनीतिक दलों के दिग्गज अपनी सीट हार रहे हैं। यूपी में एक बार फिर ऐतिहासिक जीत के साथ योगी राज वापस लौट रहा है। सपा को हालांकि 2017 के मुकाबले काफी ज्यादा सीटें मिली हैं लेकिन सरकार बनाने का सपना एक बार फिर धराशायी होता जा रहा है। उत्तराखंड की बात करें तो कांग्रेस के सीएम फेस हरीश रावत चुनाव हार गए हैं। उधर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कांग्रेस प्रतिद्वंदी भुवन चंद्र कापड़ी से चुनाव हार गए हैं। हालांकि रूझानों के मुताबिक यहां भाजपा एक बार फिर सत्ता रिपीट कर रही है। पंजाब में बड़ा उलटफेर करते हुए आम आदमी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना रही है। आप के सीएम फेस भगवंत मान धुरी विधानसभा सीट से जीत चुके हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी की बुरी दशा जारी है। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी दोनों सीटों से चुनाव हार गए हैं। वहीं, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू भी अपनी सीट हार गए हैं। उन्हें आप कैंडिडेट जीवनजोत कौर ने हरा दिया है। अकाली परिवार भी इस चुनाव में बुरी हार का सामना कर रही है। पार्टी के दोनों दिग्गज प्रकाश सिंह बादल और सुखबीर सिंह बादल अपनी सीटें हार गए हैं। यहां कैप्टन अमरिंदर सिंह भी पटियाल सीट से चुनाव हार गए हैं। शुरुआती रुझान में यूपी, उत्तराखंड और गोवा में भाजपा आगे है। उत्तर प्रदेश की 403, पंजाब की 117, उत्तराखंड की 70, गोवा की 40 और मणिपुर की 60 विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए थे। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा सात चरणों में मतदान कराए गए।

## पंजाब फतह के बाद बोले भगवंत मान, राजभवन की जगह शहीद भगत सिंह के गांव में लेंगे शपथ



पंजाब में आम आदमी पार्टी बंपर जीत की ओर से बढ़ रही है। आप नेता भगवंत मान राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। पंजाब समेत पांच राज्यों में चल रही वोटों की गिनती के बीच भगवंत मान ने कहा कि वो राजभवन की जगह शहीद भगत सिंह के गांव में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसके साथ-साथ उन्होंने सीएम ऑफिस में अपने पहले काम के बारे में बताते हुए कहा कि वो सबसे पहले बेरोजगारी पर काम करेंगे। आम आदमी पार्टी के पंजाब चुनाव परिणाम 2022 में जीत के बाद, अपने घर की छत से अपना विजय भाषण देते हुए, मान ने कहा कि राज्य के किसी भी सरकारी कार्यालय में पंजाब के सीएम की तस्वीर की जगह शहीद भगत सिंह और डॉ बीआर अम्बेडकर की फोटो लगेगी। उन्होंने कहा कि वह राजभवन या किसी विशेष समारोह में शपथ लेने के पहले के चलन के बजाय वो शहीद भगत सिंह के जन्म स्थान खटकर कलां में शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि अब सरकार चंडीगढ़ दफ्तरों में बैठने की बजाय गांवों से चलाई जाएगी। यूक्रेन संकट को लेकर उन्होंने कहा कि देखिए हमारे छात्र पढ़ाई के लिए विदेश जा रहे हैं। उन्होंने कहा मेरी सरकार पहले बेरोजगारी की समस्या का समाधान करेगी। मान ने अपने विजय भाषण में कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि युवाओं को विदेश नहीं जाना पड़े एक महीने के भीतर, आप बदलाव देखेंगे। अपनी मां बलवंत कौर के साथ, मान ने विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा मेरे और केजरीवाल के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, व्यक्तिगत टिप्पणी करने वालों को जनता ने दंडित किया है। मान ने विपक्षी नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा बड़ा बादल हार गयाॽ सुखबीर हार रहा है, कप्तान (अमरिंदर सिंह) भी हार गया है। मजीठिया और सिद्धू भी हार रहे हैं। चन्नी भी दोनों सीटों से हार गए हैं।

# मतगणना के दिन कारोबारियों को करोड़ों का नुकसान



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ -मतगणना स्थल के चारों तरफ दुकाने ब पेट्रोल पंप पुलिस प्रशासन ने बंद करा दिए जिसको दुकान स्वामी व पेट्रोल पंप के मालिक का कहना है की आज हमारे कारोबार के लिए करोड़ों का नुकसान हुआ जिसके लिए सभी दुकाने ब पेट्रोल पंप प्रशासन के कहने पर हमने बंद कर दिया इससे हमें काफी नुकसान हुआ है पुलिस प्रशासन का कहना है की आप लोग शाम 7~00 बजे तक अपना कोई भी दुकानदार दुकान नहीं खोल सकेगा इधर होली का त्यौहार नजदीक है और लोग दूर दूर से नौकरी करने वाले लोग अपने बहन से आ रहे हैं और जब पेट्रोल पंप को बंद देखते हैं तो आगे चले जाते हैं

# चुनाव मतगणना वाले दिन सड़कों पर रहा सुनसान



मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ -मंडी समिति मतगणना स्थल पर चारों तरफ पुलिस प्रशासन का कड़ा पहरा किसी को भी अंदर जाने के लिए मशीनों के बीच गुजर ना पढ़ रहा था एक एक एजेंट अंदर मतगणना स्थल तक सुरक्षा के दृष्टि को रखते हुए मतगणना स्थल तककड़ा पहरा के बीच रहा जिसमें प्रशासन किसी भी अनहोनी ना हो पाए इसके लिए जगह जगह पर पुलिस तैनात की गई मंडी समिति पुलिस चौकी पर ही किसी भी वाहन को नहीं जाने दिया और वहां पर ड्यूटी पर लगे कर्मचारी व अधिकारी अपने वाहन से मतगणना स्थल तक करने की अनुमति थी इधर फर्रुखाबाद रोड को बंद कर दिया गया और फर्रुखाबाद जाने वाले वाहनों को नई सड़क होकर गुजारना पड़ा जोकि मंडी समिति मतदान मतगणना स्थल कि चारों तरफ की दुकानों ब पेट्रोल पंप को प्रशासन ने पूर्ण रुप से बंद करा दिया था और वहां पुलिस प्रशासन तैनात कर दिया

www.knlslive.com

# महंगाई के चलते बाजारों में नहीं दिख रही होली की रंगत



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ – होली पर्व आने में अब सिर्फ कुछ दिन शेष रह गए हैं। हर बार त्योहार नजदीक आते ही बाजार की रौनक भी बढ़ जाती थी,

लेकिन इस बार कस्बे में कोरोना की मार झेलने के बाद आसमान छूती महंगाई की मार से बाजारों में रौनक नजर नहीं आ रही है। हर बार होली के दो सप्ताह पहले से ही बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़-भाड़ होने लगती थी, लेकिन इस बार बाजारों में दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में हाथ पर हाथ रखकर बैठे नजर आ रहे हैं। वहीं जानकारों की माने तो होली से एक सप्ताह पूर्व रंग, गुलाल व खाद्य सामग्री खरीदने वालों के पहुंचने से बाजार में रौनक लौटने की संभावना है।

# चार में से तीन विधान सभा सीटो में भा जा पा ने जीत दर्ज की




अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा जनपद की चार में से तीन विधान सभा सीटो में भा जा पा ने शान दार जीत दर्ज करते हुए। बांदा सदर से भा जा पा के प्रत्याशी विधायक प्रकाश दिवेदी जी ने समाज वादी पार्टी की मंजुला विवेक सिंह से 15000वोटो से जीत दर्ज की इसी तरह तिंदवारी से भा जा पा के प्रत्याशी राम केश निषाद जी ने भी अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 28000वोटो जीत हासिल की इसी क्रम में नरैनी की भा जा पा प्रत्याशी ओम मणि वर्मा जी ने 12000 वोटो से जी दर्ज की इसी के साथ सपा ने भी अपना शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए बबेरू विधान सभा से बिसंभर यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अजय पटेल से सात हजार वोटो से जीत दर्ज की है। इस तरह बांदा की चार में तीन सीटे भा जा पा ने और एक सपा ने अपनी जीत दर्ज की।

# पीलीभीत में लहराया भाजपा का परचम चारों सीटों पर भाजपा की जीत





सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत – शहर पूरनपुर बीसलपुर व बरखेड़ा बिधासभा में चारों सीटो पर भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर इतिहास बनाया है पीलीभीत शहर सीट पर भाजपा के संजय सिंह गंगबार ने दोवारा जीत दर्ज कर सपा प्रत्याशी को हराया जिसमे सपा प्रत्याशी डा0शैलेंद्र गंगबार को 117152 भाजपा प्रत्याशी संजय गंगबार को 124782 बोट मिले बरखेड़ा बिधानसभा से सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री हेमराज बर्मा को 69660 तो भाजपा प्रत्याशी स्वामी प्रवक्ता नंद को 151498 रिकार्ड तोड़ जीत दर्ज की पूरनपुर से सपा की आरती महेंद्र को 107387 तो भाजपा के बाबूराम पासवान को 134204 रिकॉर्ड दर्ज कर दोवारा विधायक बनाया बीसलपुर से सपा प्रत्याशी दिव्या गंगबार को 69796 तो भाजपा प्रत्याशी विवेक बर्मा को 120675 बोट लेकर जीत दर्ज की है पीलीभीत में चारों विधानसभा में जीत के बाद जश्न का माहौल है समर्थकों ने बिलडोजर रैली निकाल कर खुशी का इजहार किया अमरिया तहसील में नहर पुल से बिल्डोजर पर बैठे भाजपा कार्यकर्ताओं ने आये तो योगी जी के गाने पर गुलाल उढाकर जश्न मनाया अमरिया भाजपा कार्यालय पर ब्लाक प्रमुख श्याम सिंह परमिंदर सिंह प्रिंस निसार अहमद बलजीत सिंह संजय गुप्ता सहित सैकडो भाजपा पदाधिकारियों ने जश्न मनाया

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# भारतीय रेलवे अब अलीगढ़ में ब्रैंडिंग से करेगा कमाई




शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


अलीगढ़ – भारतीय रेलवे अब ब्रैंडिंग से भी कमाई करेगा। इसके अंतर्गत अब रेलवे स्टेशनों पर भी प्राइवेट कंपनियों के विज्ञापन शर्तों के अनुसार दिखाई देंगे। आगामी दिनों में अलीगढ़ रेलवे जंक्शन पर भी प्राइवेट कंपनियों के विज्ञापन देखने को मिलेंगे। रेलवे स्टेशनों के नामों के साथ सरकारी, गैर-सरकारी कंपनियों के लोगो और नाम भी जुड़ सकेंगे। गैर-किराया राजस्व के तहत रेलवे बोर्ड ने रेलवे स्टेशन के को-ब्रांडिंग की गाइडलाइंस पालिसी जारी की है। को-ब्रांडिंग के समय किसी भी तरह की राजनीतिक ब्रांडिंग नहीं होगी। किसी दल का प्रचार-प्रसार भी कतई नहीं होगा।हालांकि, इसके लिए रेलवे ने कड़े नियम और शर्तें भी रखीं हैं। जिससे कोई गलत विज्ञापन के माध्यम से रेलवे की छवि को धूमिल न कर सके।

# दिनभर चर्चा- नगर गांव में विधानसभा सीट से कौन जीता

सगीर चंकी पांडेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा नगर में हर जगह चर्चा विधानसभा सीट कौन जीता किसकी सरकार बन रही है दिन भर गली मोहल्ले चौराहों दुकानों बाजारों में लोग जीत का जश्न कौन मनाएगा बनी रही चर्चा चुनावी नतीजे जैसे-जैसे सामने आए लोग नतीजों को देखते फिर आपस में एक दूसरे से बात करते दिखाई दिए जिस तरह से समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता समर्थक पार्टी की जीत की दावेदारी पेश कर रहे थे वही भारतीय जनता पार्टी समर्थक कार्यकर्ता भी अपनी पार्टी की जीत की दावेदारी भर रहे थे लेकिन आज जब चुनाव के नतीजे सामने आए तो चौंकाने वाले नतीजे सामने आए वही आम जनता भी पार्टी की जीत की चर्चा करती नजर आई ठाकुरद्वारा कोतवाली निरीक्षक के आदेश अनुसार रात्रि फ्लैग मार्च निकाल कर नगर में शांति बनाए रखने की अपील व नगर वासियों से शांति व्यवस्था को कायम रखते हुए अमन शांति से नगर की व्यवस्था को कायम रखने की अपील आज प्रशासन ने पूरी तरह नगर में शांति बने रहने पर दिया जोर ठाकुरद्वारा नगर तिकोनिया पार्क कदीर तेरा चलचित्र डाल कमालपुर इरोड बाबू रामपाल द्वारा बस स्टैंड काशीपुर चुंगी प्रशासनिक गार्ड जगह जगह तैनात नगर में हर नागरिक को नजर में रखते नजर आए नगर में दिन भर जीत हार की बनी रही चर्चा वही जनता से बात करते हुए हमारे संवाददाता ने जब बात की तब जनता में बीजेपी समर्थक भाजपा प्रत्याशी की जीत के जश्न मनाने की तैयारी की बात कहते नजर आए उधर सपा प्रत्याशी नवाब जान खान के समर्थक समाजवादी पार्टी की जीत को कहते नजर आए सारा दिन जीत हार का सिलसिला जारी रहा जीत क्लियर हो जाने पर समर्थक से लेकर आम जनता तक के लोग खुशी में झूमते दिखाई दिए

# बिलारी में विधायक फहीम इरफान की हैट्रिक पर मनाया जश्न



मुरादाबाद-बिलारी क्षेत्र के सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान की जीत की हैट्रिक पर जश्न मनाया गया। बिलारी में सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान की जीत की सूचना जैसे ही मिली कार्यकर्ताओं में जोश भर गया। सभी सपा विधायक के एमआई हाउस कार्यालय पर पहुंच गए। जहां ढोल नगाड़े पर कार्यकर्ता थिरकते दिखाई दिए। गुरुवार के दिन सवेरे से ही सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की भीड़ दिखाई दी। चुनाव परिणाम इस बार कठिन था। लिहाजा सभी के माथे पर बल था। शुरुआती समय में भाजपा प्रत्याशी लगातार सपा विधायक मो. फहीम इरफान को टक्कर देते रहे। 5 से 6 हजार वोटों से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी आगे चलते रहे। लेकिन अंत में 20 चक्र की मतगणना के बाद एकाएक रुझान बदल गया। विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने स्योड़ारा क्षेत्र की यादव बेल्ट से भारी तादाद में वोट लेकर एकाएक आठ हजार से ऊंची छलांग लगा दी। जो कम नहीं हुई अंत में इक्तीस चक्र की मतगणना के बाद उन्हें विजयी घोषित किया गया। जैसे ही उन्हें विजयी घोषित करने की घोषणा हुई। सपा कार्यालय पर जश्न का माहौल हो गया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया। बाद में विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने क्षेत्र की जनता का धन्यवाद अदा किया। उनका कहना था कि यह जीत सभी क्षेत्र के लोगों की जीत है। उन्हें हिंदू मुस्लिम सभी धर्म वर्ग के लोगों का वोट मिला। लोगों ने उनके विकास कार्यों को याद किया। वह सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।

# समाजवादी पार्टी प्रत्याशी नवाब खान की करारी जीत

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा - दिन बृहस्पतिवार को सुबह से पार्टियों की जीत के रुझान नतीजे आने शुरू हो गए थे भारतीय जनता पार्टी नफिर मारी बाजी समाजवादी पार्टी को दी शिरकत उधर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नवाब जान खान ने अपने निकटतम भाजपा प्रतिनिधि अजय प्रताप जी को हराया नवाब जान खान तीसरी बार हैट्रिक बनाकर विधानसभा सीट पर कब जा बनाकर बरकरार जीत हासिल की नगर ठाकुरद्वारा में विधानसभा सीट की जीत को लेकर सुबह से चल रही चर्चा जनता से लेकर पार्टी समर्थक भी चर्चा में लगे नजर आए सपा प्रत्याशी नवाब जान खान ने अपने निकटतम भाजपा प्रत्याशी अजय प्रताप को दी करारी पराजित कर की जीत हासिल समाजवादी पार्टी प्रत्याशी नवाब जान खान ने तीसरी बार बड़ी तादाद में की जीत हासिल श्री नवाब जानता अपने निकटतम भाजपा प्रत्याशी अजय प्रताप से 17000 339 वोटों से जीते उधर जनता में जीत का जश्न पार्टी समर्थक जीत की खुशी में नगर ठाकुरद्वारा खुशी से झूम उठा मनाई जा रही है जीत की खुशियां उधर तीसरी बार हैट्रिक बना कर ऐतिहासिक जीत पर फूलों नहीं समा रहे श्री नवाब जान खान साहब ने सभी क्षेत्रवासियों नगर वासियों को जीत की हार्दिक बधाई देते हुए कहा यह जीत मेरी नहीं है यह जीत मेरे हर ग्रामवासी क्षेत्रवासी नगरवासी की है जिस तरह क्षेत्र की जनता का कीमती बहुमूल्य बोट से लेकर समर्थन बड़ी संख्या में मुझे प्राप्त हुआ मैं क्षेत्र नगर की हर जनता का तह दिल से शुक्रिया दादा करता हूं जीत की खुशी में सभी जनता से हाथ जोड़ कर अपील करता हूं कि मेरे साथ हर कदम काले से कंधा मिलाकर मेरे साथ यूं ही खड़े रहे विधायक पद पर मैं नहीं हूं मेरे क्षेत्र की नगर की जनता है हर हिंदू मुस्लिम सिख इसाई भाई का प्यार व मत मुझे प्राप्त हुआ मैं नगर की क्षेत्र की हरगांव की जनता से हाथ जोड़कर गुजारिश करता हूं कि जीत की जश्न की खुशी में सभी के लिए जश्न ए माहौल मिलन कार्यक्रम शहनाई मैरिज हॉल के अंदर शिरकत फरमा कर जीत की खुशियों में शामिल हो , जश्न को खुशहाल बनाने के लिए जीत की खुशी में सभी का समाजवादी पार्टी व कार्यकर्ता विधायक नवाब जान खान जी की ओर से जश्न इस्तकबाल है

# ठाकुरद्वारा में पल-पल बदलते रहे सपा-भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरे के रंग



मुरादाबाद-विधानसभा चुनाव की मतगणना शुरू होने से संपन्न होने तक चुनाव परिणाम जानकर सपा-भाजपा कार्यकर्ताओं के चेहरे की रंगत पल-पल बदलती रही। गुरुवार की सुबह आठ बजे विधानसभा चुनाव की मतगणना शुरू हुई। शुरू में सपा ने बढ़त ली बाद में भाजपा प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप लगभग 12000 वोटों से लीड की।यह देख भाजपाइयों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। जबकि सपा कार्यकर्ताओं के चेहरे से मायूसी की झलक नजर आने लगी। शरीफ नगर की मतगणना के बाद भी सपा प्रत्याशी नवाब जान के बढ़त न लेने पर भाजपाइयों ने शर्त लगानी शुरू कर दी लेकिन ठाकुरद्वारा शहर की मतगणना होते ही पासा पलट गया। इसके बाद सपा विधायक नवाब जान खान ने बढ़त ली तो फिर पलट कर नहीं देखा। लगातार लीड बढ़ती चली गई और आखिरकार सपा प्रत्याशी नवाब जान खान ने हैट्रिक लगाने में सफलता प्राप्त कर ली। सपाइयों के चेहरे पर हर्ष की लहर दौड़ गई। जबकि भाजपा के खेमे में मायूसी की लहर दौड़ गई।

# ठाकुरद्वारा में टीवी स्क्रीन पर टिकी रहीं निगाहें, सड़कों पर सन्नाटा



मुरादाबाद-विधानसभा चुनाव की मतगणना को लेकर लोग दिन भर लोग टीवी पर टकटकी लगाए हुए बैठे रहे। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। विधानसभा चुनाव की मतगणना को लेकर लोगों में बहुत उत्सुकता थी। एग्जिट पोल में भाजपा की बढ़त और सरकार बनने की संभावना दिखाए जाने को लेकर बहस शुरू हुई तो शाम तक चलती रही। सुबह से ही सभी कामकाज छोड़कर लोग टीवी के आगे जम गए। सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होने के बाद से देर शाम तक लोग टीवी स्क्रीन पर टकटकी लगाए बैठे रहे। जो लोग टीवी के आस पास नहीं थे वह मोबाइल फोन से ही चुनाव परिणाम जानते और बहस बाजी करते रहे। इस दौरान सड़कों बाजारों बस अड्डों सभी जगह सन्नाटा पसरा नजर आया। जिंदगी टीवी स्क्रीन के पास सिमटी नजर आई।

इस समाचार पत्र में सभी जन अवैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Sanctions on russia

The increasing heat of the escalating war between Russia and Ukraine on the world has started heating up a lot. The continuing danger of war is not only sad but also shameful for humanity. The whole world will have to pay the price for the direct and indirect struggle that has started between the big powers. The new US, which is evading military action against Russia, continues to crack down on sanctions. Now America has stopped oil-gas imports from there to deeply harm Russia. If the US considers oil and gas to be the main artery of Russia's economy, then could it not have taken this step earlier?

Why did America have to wait 12 days for such a necessary ban? Did America become dependent on Russian oil-gas or did it want oil-gas more than preventing war? Well, when US President Joe Biden has clearly said that he is banning all imports of Russian oil, gas and energy, believe me, Russia will intensify this war, so that it reaches its objective as soon as possible. Can you The US move would hurt Russia in the long run, but could prove counterproductive in the near term.

“However, after the US announcement, global oil prices have maintained a buoyant trend. Oil is somewhere at $ 131.2 per barrel, while it is running somewhere at $ 126.3 per barrel. India also has to buy oil at $ 126 per barrel. Russia has already warned that the price of oil will cross $ 300. It is only after Russia's threat that America has shown steps, so that the command of oil prices is not in the hands of Russia. America will now try that no country in the world buys oil and gas from Russia. The UK government has also imposed sanctions on Russian oil imports, while the EU has unveiled a program to cut Russian gas imports by two-thirds within a year.

It can be estimated how dependent European countries are on Russia for energy. The greater dependence of these countries on Russia would also have fueled Russia's ambition. It is time to be careful, dependence on other countries is going to be very expensive and this restriction will also cost Russia.“Now the question is what will happen to countries like India, which are dependent on Russia in many respects. We should also think about our dependence on China. Russian energy supplies to India are short at present, but the multi-faceted energy linkage between India and Russia has raised concerns.

Remember, India is the third largest oil importer in the world. The flame is undoubtedly reaching India. America will also gradually tighten the noose on India, so that India will not be able to directly or indirectly benefit Russia under any circumstances. Therefore, India should go ahead and intensify efforts for a ceasefire with like-minded countries. Big and sincere efforts are needed in favor of the people of Ukraine. Right now humanity is losing in Ukraine. People are dying, cities are being destroyed. In such a situation, it is necessary that the sanctions on Russia should positively lead the world towards humanity.

# Aditya Narayan revealed the name of the daughter, Rubina Dilaik got angry on those who called fat and buffalo


The stars associated with the world of TV are always in the headlines. There has been a stir in the TV industry since this morning. Someone is lashing out at the body shaming people. So there someone is entertaining the fans by sharing the video on social media. Let us tell you that today TV's well-known actress Rubina Dilaik and Naagin 6 fame Tejaswi Prakash have fiercely organized a class of body shaming people. Also, a video of Shahnaz Gill has surfaced which is becoming increasingly viral among the people. Aditya Narayan's daughter's name - Well-known host and singer Aditya Narayan has recently become a father. Aditya's wife Shweta Agarwal has given birth to a daughter. Now Aditya has revealed the name of his daughter on social media. Responding to a fan's question on Instagram, he has told that his daughter has been named Tvisha Narayan Jha. Let us tell you that some time ago Aditya Narayan has announced that he will not work as a host in the reality show Sa Re Ga Ma Pa from now on. Shehnaaz Gill's new video went viral in minutes - Whenever Shehnaaz Gill, who was a finalist of Bigg Boss 13, shares a post, it is sure to go viral. Shahnaz has shared a new video of her on social media. Seeing this video has started going viral within minutes. In this video, Shahnaz Gill is changing her look within a few seconds. After watching this video of Shahnaz Gill, people are praising him



fiercely. TV's Naagin went out for honeymoon after 3 months of marriage - In the month of September last year, Sayantani Ghosh married her long time boyfriend Anurag. After marriage, both got busy in their respective work. Sayantani and Anurag have decided to go on a honeymoon after three months of marriage. By posting a video on social media, Sayantani has revealed that she will spend quality time with her husband for a few days in Sri Lanka.““Rubina and Tejashwi got angry on body shaming people“Bigg Boss 14 winner Rubina Dilaik has fiercely organized a class of body shaming people. In an interview given to ETimes, Rubina has said that not only her but many heroines with her are facing this. Also, the actress has revealed that people call her fat and buffalo due to her increasing weight. Along with this, the actress has expressed concern about how people's thinking is becoming. Apart from this, Naagin 6 actress Tejashwi Prakash has also reprimanded those who do body shaming. Tejashwi says whatever people have to say, she will not change herself on the advice of anyone

# Kiara's scintillating dance added to her sister's wedding

Burj Khalifa fame and Bollywood's beautiful actress Kiara Advani is seen dancing as a baby doll. His video is being liked a lot by his fans. Her fans seem to be quite excited seeing her flexible waist in her dance performance. Actually Kiara has shown this dance performance at her sister's wedding. dance video going viral“Kiara Advani Dance Video: According to media reports, Kiara Advani has been seen making a lot of noise in the functions of her sister's wedding with her family in Goa. He has also shared a video of this with his fans, which are becoming increasingly viral. Adorable performances robbing applause“According to the information, recently, actress Kiara's sister Ishita got married in Goa. In which Kiara has not missed any chance of fun. In a pink side slit dress, Kiara has spread such looks that her fans are watching the video again and again. Kiara is garnering accolades with her adorable looks.“Share wedding photos and videos with fans“Kiara Advani Dance Video: Kiara is seen in a fun mood with her friends and family in this family program. Thirki Kiara's dance performance on the fusion of English and Bollywood songs is a sight to behold. Kiara has shared many pictures and videos of her sister's wedding for the fans. Which are constantly going viral.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991, दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# कुकर्म का आरोपी, शातिर अपराधी गिरफ्तार , पुलिस पार्टी, को, पांच हजार का इनाम!

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज।गत 6 फरवरी को थाना ढोलना के अन्तर्गत गाँव जखेरा में एक अधेड़ के साथ कुकर्म के बाद गला घोंट कर की गई हत्या के आरोपी, 05, हजार के इनामी शातिर अपराधी कल्लू पुत्र भरत सिंह नि. नगला थी थाना ढोलना को पुलिस ने गंगीरी रोड से गिरफ्तार कर लिया! प्राप्त समाचार के अनुसार, 6 फरवरी को गाँव जखेरा के बाबूराम पुत्र नाथूराम ने थाना ढोलना में मुकदमा पंजीकृत कराया था कि उसके भाई राजेन्द्र 40 वर्ष के साथ छवि राम पुत्र खमानी और कल्लू पुत्र भरत सिंह ने कुकर्म के बाद भेद खुलने के डर से गला घोंट कर हत्या कर दी! घटना की गम्भीरता के चलते फरार कल्लू की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे द्वारा पांच हजार के



इनाम की घोषणा की गई थी!कल रात गश्त के दौरान गंगीरी रोड से पुलिस ने कल्लू को एक तमंचा 315 बोर , 2 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया, गश्त कर रही पुलिस पार्टी में थाना प्रभारी ढोलना, ओम प्रकाश सिंह , उप निरीक्षक अमरेश सिंह, हैड कां. जयकिशन, का. नितिन कुमार, का. रोबिन कुमार मौजूद थे जिन्हें पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे द्वारा 5,000 रु से पुरुस्कृत किये

# अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आगरा आटो एनर्जी सेन्टर आगरा मथुरा रोड रूनकता सिकन्दरा आगरा पर पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 शिवदयाल शर्मा जनपद आगरा । आज दिनांक 10.03.22.को श्री शिवदयाल शर्मा रिटायर्ड सी0 एफ0 ओ0 ने आटो एनर्जी सेन्टर आगरा मथुरा रोड रूनकता सिकन्दरा आगरा के पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को अग्नि शमन सुरक्षा सम्बंधी जानकारी दी गई । तथा पैट्रोल पम्प पर आग लगने के कारणो व वुझाने की भी जानकारी दी गई । तथा आग लगने पर पैट्रोल पम्प पर उपलब्ध अग्नि शामक यन्त्रो को चलाने की व वुझाते समय सावधानी बरतने की भी जानकारी दी गई । तथा कोराना को देखते हुए सरकार द्वारा दी गई गाइड लाइन के भी सुझाव दिये गये ।तथा साथ ही साथ सी.एफ.ओ ने पैट्रोल पम्प के कर्मचारियो को फायर स्टेशन के आपातकालीन टेलीफोन नंबरो की भी जानकारी दी गई । तथा मौके पर उपस्थित मैनेजर श्री सुनील कुमार व स्टाफ शिवकुमार शर्मा, रमाकांत शर्मा, मुकेश कुमार, सुनील कुमार आदि ने इस कार्य की काफी प्रशंसा एव सराहना की ।

## तीन दिन में दो की मौत, एक की हालत गम्भीर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शहर में झोलाछाप डॉक्टरों का आतंक किस कदर हॉबी है इसका अनुमान लगाना शायद कठिन नहीं ।एक के बाद एक हुई दो की मौतों और जीवन मौत से जूझते तीसरे के परिवारों के दुख दर्द पर जनपद के अधिकारियों को जरा भी तरस नही आ रहा । यही कारण है कि जनपद तो दूर एक मात्र शहर में झोलाछाप डॉक्टरों और नियम विरुद्ध नर्सिंगहोम का धंधा दिन दूनी रात चौगनी तरक्की पर है, जहाँ लोग अपनी मेहनत की कमाई और परिजनों की जान दोनों गवा रहे हैं । सोमवार मंगलवार को हुई मौतों के बाद आज बुधवार को एक अन्य गरीब का जीवन खतरे में ।

# कासगंज जनपद की तीनों विधानसभा सीट के परिणाम घोषित, 3 में से 2 सीट पर BJP और 1 सीट पर सपा विजयी

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -कासगंज जनपद की तीनों विधानसभा सीट के परिणाम घोषित, 3 में से 2 सीट पर BJP और 1 सीट पर सपा विजयी 100 विधानसभा कासगंज - 123099 मत पाकर BJP प्रत्याशी देवेंद्र सिंह राजपूत 46614 मतों से विजयी, 76485 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे SP के मानपाल सिंह, तीसरे स्थान पर रहे बसपा प्रत्याशी आरिफ को मिले



22936 मत। 101 विधानसभा अमांपुर - 95973 मत पाकर BJP प्रत्याशी हरिओम वर्मा 43273 मतों से विजयी , 52700 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे SP के सत्यभान शाक्य, तीसरे स्थान पर रहे BSP प्रत्याशी सुभाष शाक्य को मिले 35227 मत। 102 विधानसभा पटियाली -91438 मत पाकर SP प्रत्याशी नादिरा सुल्तान 4002 मतों से विजयी, 87436 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे BJP के ममतेश शाक्य, तीसरे स्थान पर रहे BSP प्रत्याशी को मिले 30459 मत।

## एटा में भाजपा न फिर परचम फहराया सपा की हुई करारी हार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा की चारों विधानसभा सीटों पर भाजपा ने कराई जीत दर्ज अधिकृत घोषणा बाकी विश्वस्त सूत्रों से ली गई जानकारी के अनुसार एटा की मंडी समिति परिसर में चल रही एटा सदर, मारहरा, अलीगंज, जलेसर सुरक्षित विधानसभा की मतगणना समाप्ति की ओर है सभी सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी जैसे एटा से विपिन वर्मा डेविड, मारहरा से वीरेंद्र लोधी, अलीगंज से सत्यपाल राठौर, जलेसर से संजीव दिवाकर सभी भाजपा के निवर्तमान विधायक है तथा भाजपा ने इन्हें अपना प्रत्याशी बनाया था ने लगभग अपनी चारों सीटों पर जीत हासिल कर ली है अभी तक जिला प्रशासन द्वारा किसी भी प्रत्याशी के जीत की अधिकृत घोषणा नहीं की है सभी के समर्थकों में भारी उत्साह व खुशी का माहौल है लोग सड़कों पर उतर कर जमकर नारेबाजी कर नाच रहे हैं। धीरे-धीरे सभी के समरथको की भीड़ बढती जा रही है

## जगह-जगह हुआ मिठाई का वितरण और खेली गई होली



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जिले मारहरा विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी जीतने पर जगह-जगह हुआ मिठाई का वितरण और खेली गई होली जैसे ही एटा जिले की चारों सीट का पता लगा कि बीजेपी ने जीत ली है उसके बाद मारहरा में जगह जगह पटाखे चलाना और होली शुरू हो गई

# प्रेम संबंधों में बाधक बनने पर पत्नी ने प्रेमी संग रची थी पति की हत्या की योजना, दोनों आरोपी गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-थाना मलावन पुलिस को मिली सफलता, करीब 15 दिन पूर्व थाना मलावन क्षेत्र में सड़क के किनारे मिले अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त कर हत्या की घटना का सफल अनावरण, प्रेम संबंधों में बाधक बनने पर पत्नी ने प्रेमी संग रची थी पति की हत्या की योजना, दोनों आरोपी गिरफ्तार, घटना- दिनांक 24.02.2022 की समय करीब 09.00 बजे थाना मलावन पुलिस को सूचना मिली की सैथरी के पास जीटी रोड के किनारे एक शव पड़ा है इस सूचना पर थाना मलावन पुलिस मौके पर पंहुच कर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने का प्रयास किया एंव शिनाख्त न होने पर अज्ञात शव को मोर्चरी जिला एटा में रखवाकर 72 घण्टे वाद पोस्टमार्टम कराया गया एंव मु0अ0सं0 26/22 धारा 279/304 ए भादवि पंजीकृत कर शिनाख्त के सम्बन्ध में फोटो व पम्पलेट छपवाकर वितरित कराये गये। आज दिनांक 09.03.2022 को राकेश पुत्र महेन्द्र सिंह निवीस फहीम पुर खुर्द थाना खतौली जिला मुजफ्फर नगर ने अपने अन्य परिजनों के साथ थाना मलावन उपस्थित आकर अज्ञात शव के फोटो व कपड़ो को पहचान कर शिनाख्त अपने भाई सोहनवीर उर्फ सोनू पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी फहीम पुर खुर्द थाना खतौली जिला मुजफ्फर नगर के रूप में की तथा अपने भाई की हत्या का आरोप अपनी भाभी मृतक की पत्नी श्रीमती काजल व उसके जान पहचान के व्यक्ति विकास उर्फ बिल्लू पण्डित पुत्र विजेन्द्र उर्फ राजेन्द्र निवासी ग्राम शामली थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद पर लगाते हुये एक किता तहरीर दी। तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 26/22 में धारा 279/304ए भादवि का लोप करते हुये धारा 302/201/120बी भादवि की बढ़ोत्तरी की गयी । अनावरण तथा गिरफ्तारी- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सकीट श्री विक्रान्त द्विवेदी के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर गिरफ्तारी हेतु दविश दी गयी गठित टीमों द्वारा दिनांक 09.03.2022 को अभियुक्तगण 1.विकास उर्फ बिल्लू पण्डित पुत्र विजेन्द्र उर्फ राजेन्द्र निवासी ग्राम शामली थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद,2. अभियुक्ता श्रीमती काजल पत्नी सोहनवीर उर्फ सोनू निवासी- फहीम पुर खुर्द थाना खतौली मुजफ्फरनगर को बस स्टैण्ड पिलखुवा जिला हापुड़ से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## शाला प्रबंधन समिति को सशक्त बनाने हेतु प्रधान पाठकों का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-- शाला प्रबंधन समिति को सशक्त बनाने हेतु विकासखंड स्तरीय चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ संकुल प्रशिक्षण केंद्र जरही संपन्न हुआ ।शाला प्रबंधन समिति को मजबूत बनाने हेतु प्रधान पाठकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ संकुल प्रशिक्षण केन्द्र जरही में जनशिक्षक लवकुश कुमार, अखिलेश पाण्डे व वरिष्ठ प्रधान पाटक जगदीश गुप्ता एवं ज्ञानेश्वर तिवारी द्वारा माँ सरस्वती के छाया चित्र में दीप जलाकर किया गया । इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में यमुना तिवारी, शेराज खान एवं राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के द्वारा विकास खण्ड- प्रतापपुर के सात सकुल केन्द्र गोंदा, केवरा, बगड़ा,कोटेया,पार्वतीपुर , दवनकरा व शंकरपुर में स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के समस्त प्रधान पाठकों को प्रशिक्षित किया गया ।इस प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षित प्रधानपाठकों के द्वारा अपने संकुल के सभी स्कूलों के शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को तीन दिवस का प्रशिक्षण दिया जाएगा प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड श्रोत समन्वयक प्रतापपुर रमेश शरण सिंह द्वारा प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया । प्रशिक्षण के समापन अवसर में मास्टर ट्रेनर्स यमुना तिवारी , शेराज खान एवं राजेन्द्र गुप्ता उपस्थित थे ।समापन में रंजय सिंह एवं मारिया मेडम के द्वारा उद्?बोधन किया गया एवं प्रशिक्षण में बताई गई बातों का संस्था में लागू कर क्रियान्वयन करने की बात कही गई ।आभार प्रदर्शन प्रशिक्षण प्रभारी लवकुश कुमार द्वारा किया गया ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए बना है ऐतिहासिक बजट- विनोद गुप्ता

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-( भटगांव )मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत चौथे बजट का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया जिला सयोंजक विनोद गुप्ता ने कहा कि समावेशी विकास और सामाजिक न्याय का प्रतिबिंब प्रदेश के बजट में है। कांग्रेस की पहली प्राथमिकता समावेशी विकास के साथ सबके लिए न्याय है बजट में सभी वर्गों का पूरा ख्याल रखा गया है। महिलाओं की समृद्धि सुराजी ग्राम योजना युवाओं के लिए रोजगार मिशन कृषि और बागवानी को बढ़ावा देने के साथ ही उद्योग और सेवा के क्षेत्र पर भी फोकस है। भूमि कृषि मजदूरों के लिए देश की इकलौती योजना की राशि 6000 से बढ़ाकर ?7000 प्रति वर्ष करना और परंपरागत व्यवसाय से जुड़े हुए लोगों को शामिल करना समावेशी विकास और सामाजिक न्याय का उदाहरण हैं। कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग पुरानी



पेंशन योजना की बहाली ने प्रमाणित किया है कि राज्य के कर्मचारियों के प्रति सरकार पूरी तरह से सवेंदनशील हैं। सरकारी अधिकारी कर्मचारी के लिए नए आवास निर्माण के साथ ही बजट में नए पदों का सृजन किया गया हैं। पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय में 50 से 70त्न की वृद्धि की गई हैं, विधायक निधि 150 करोड़ से बढ़ाकर चार करोड़, रोजगार मिशन के लिए 2 हज़ार करोड़ का प्रावधान, शासकीय अधिवक्ताओं के मानदेय में वृद्धि, के साथ महिलाओं की समृद्धि सुरक्षा विकास व स्वालम्बन के अवसरों के लिए भी बजट में प्रावधान है। वही बजट से भटगांव विधानसभा को विधायक जी के प्रयास से मिली लगभग 70 करोड़ रूपये की निर्माण कार्यों की सौगात जिसमे इस करोड़ो की सौगात से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल हैं। सरकार के चौथे बजट ने जन अपेक्षाओं को पूरा किया है। राज्य और जिले के बेरोजगार युवाओं को अब व्यापम और लोक सेवा आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में कोई परीक्षा शुल्क नहीं देना पड़ेगा। यह बजट आप जनता को मजबूत बनाने वाला युवा प्रदेश को विकास की तेज गति प्रदान करने वाला है। आज इस ऐतिहासिक बजट को देखते हुए ही ऐसा लग रहा है अब नवा छत्तीसगढ़ गढ़ रहा है। जहां हर वर्ग को न्याय मिल रहा हैं। सयोंजक विनोद गुप्ता ने कहा कि इस शानदार बजट पेश करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का एव श्री टी एस सिंह देव जी का आभार प्रकट करता हूं।

## खुद के बच्चे ना होने से दुखी महिला ने अस्पताल से चोरी की बच्चा लडकी थी इसीलिये चोरी की

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला अस्पताल से एक नवजात शिशु की चोरी होने का मामला सामने आया है शिशु के चोरी होने की जानकारी मिलते ही तत्काल तलाश में परिजन व अस्पताल प्रबंधन ने बच्चे को लेकर भाग रही महिला को पकड़ कर कोतवाली थाने को सपुर्द कर दिया. पुरा मामला इस तरह है जिला अस्पताल में कल परसापारा की फुलकुंवर ने शिशु को जन्म दिया था, तभी से आरोपी महिला सुनीता पण्डो उस बच्ची को पाने के जुगत में



लगी रही, यहा तक की उसके परिवार जनो से मेल जोल भी बढा ली थी आज सुबह मौका मिलते ही नवजात बच्ची डाक्टर बुला रहे है कह कर अपने साथ बच्ची को लेकर अस्पताल से फरार हो गई. काफी देर तक वह वापस नही आई तो परिजनो के होश उड़ गए. नवजात के गायब होने से अस्पताल में चीख पुकार मच गई. तत्काल हरकत में आये अस्पताल प्रबंधन तलाश में जुट गए और कुछ देर बाद ही बच्चे को लेकर फरार हुई महिला को शहर के महगांव चैक पर पकड़ लिया. वहा से सभी लोग कोतवाली थाने पहुचकर पुरे मामले की जानकारी देने पर पुलिस जाँच में जुट गई है. बाझ का ताना इस पुरे मामले मे आरोपी महिला सुनीता पंडो ग्राम करकोटी ने बताया कि वह नि:संतान है जिसके चलते समाज में उसे बाँझपन का ताना मारा जा रहा था और इसी ताने को खत्म करने के लिए वह कल से फुलकुंवर की नवजात पुत्री पर नजर बनाये थी. आज मौका बनाते ही जिला अस्पताल से नवजात शिशु को चुराकर फरार हो गई. उसने अपने साथ दुध की बोतल रखी थी. लकडी थी इसीलिये चोरी की आरोपी महिला ने बताया कि वह बच्चे को जन्म नही दे सकती तभी ऐसा की है फुलकुवंर को जिला अस्पताल में बुधवार को लडकी हुई. बहुत सोच विचार कर उसने लकडी को चुराना उचित इसलिये समझा कि लडकी पाल पौस कर वह शादी कर देगी किसी तरह जमीन जायदाद का हिस्सा नही देना पडेगा. लडका ले जाती तो उसे हिस्सा देना पडता. उसे अपने किये पर पछतावा है लेकिन उससे भी ज्यादा पछतावा उसे बच्चा ना होने का पछतावा है उसकी मानसिक स्थिति यह है वह बच्चे के लिये जेल जाने को तैयार है. फिलहाल नवजात की बरामदगी के बाद परिजनो के साथ अस्पताल के अधिकारी कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है तो वहीं पुलिस कार्यवाही करने में जुटी हुई है.

## अवैध शराब के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-रामानुजनगर पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर जिले की पुलिस के द्वारा अवैध कार्यों के विरूद्व लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है। बीते बुधवार 09 मार्च को थाना प्रभारी रामानुजनगर को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कनकपुर निवासी मुकेश अपने मोटर सायकल में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने के लिए गणेशपुर की ओर जा रहा है। थाना प्रभारी ने सूचना से पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को अवगत कराया जो उन्होंने सतर्कता बरतते हुए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी



प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर की पुलिस ने ग्राम हनुमानगढ़ में घेराबंदी लगाकर होण्डा मोटर सायकल सहित मुकेश कुमार मरावी पिता रामलाल उम्र 25 वर्ष निवासी कनकपुर, थाना प्रेमनगर को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 100 पाव अंग्रेजी गोवा विस्की शराब जप्त किया गया। बारीकी से पूछताछ करने पर मुकेश ने बताया कि पकड़े गए शराब के अलावा अपने घर में भी गोवा शराब छुपाकर रखा है, पुलिस टीम ने आरोपी के निशानदेही पर उसके घर से 450 पाव अंग्रेजी गोवा विस्की शराब जप्त किया है। मामले में कुल 550 पाव अंग्रेजी गोवा विस्की शराब कीमत 71500 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त होण्डा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 डीजे 6047 कीमत 50 हजार रूपये को जप्त कर आरोपी मुकेश कुमार मरावी के विरूद्व अपराध क्रमांक 56/22 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर विकेश तिवारी, एएसआई माधव सिंह, बिसुनदेव पैंकरा, आरक्षक रामसागर साहू, विश्वजीत सिंह, दीपक यादव, धनंजय साहू, अनूज यादव, रविशंकर साहू व शिवकुमार सक्रिय रहे।

## भाजपा की जीत में सम्मान अफरोज का अहम योगदान

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विधानसभा सामान्य निर्वाचन - 2022 सम्पन्न हो चुका है। श्रावस्ती एवं बलरामपुर की छह सीटों में से चार सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने अपना कब्जा जमा लिया है। इनमे से कई सीटों पर जीत का अन्तर पिछले चुनाव से काफी ज्यादा है। जो जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस सन्दर्भ में राजनीतिक जानकारों का मानना है कि काफी हद तक इसका श्रेय योगी सरकार द्वारा जनता के लिए किए गए कार्यों तथा प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नीतियों को जाता है। जिसमें योगी सरकार का राशन और शासन तथा प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, राम मन्दिर के लिए किए गए प्रयास, विदेश नीति समेत अन्य नीतियां शामिल है। जिसकी वजह है श्रावस्ती एवं बलरामपुर की छह सीटों में से चार सीटों को जीतने के साथ हीं प्रदेश में भाजपा की प्रचण्ड बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है। साथ हीं जानकारों का यह भी मानना है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी को मुस्लिम युवाओं ने भी बढ़चढ़ कर वोट किया है। जिससे भाजपा के जीत का अन्तर पिछली बार से भी ज्यादा है। मुस्लिम मतदाताओं द्वारा भाजपा को वोट करने के सन्दर्भ में लोगों का मानना है कि बलरामपुर निवासी सम्मान अफरोज खान श्रावस्ती, बलरामपुर, गोण्डा समेत आसपास के जिलों में सर्वसमाज के काफी लोकप्रिय युवा नेता हैं। जो पिछले कई वर्षों से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नीतियों को जनजन तक पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इसी बीच उन्हे उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री के पद पर मनोनीत कर दिया गया। जिसके बाद से वें देवीपाटन मण्डल समेत पूरे प्रदेश का भ्रमण कर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लोगों को अवगत कराते हुए जागरुक किया। जिसका भी अन्य समाज के लोगों समेत मुस्लिम मतदाताओं पर भी एक बड़ा प्रभाव पड़ा है।

## प्रत्याशियों की जीत पर समर्थकों ने मनाया जशन



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती प्रत्याशियों की जीत पर समर्थकों ने खूब जश्न मनाया। श्रावस्ती 290 विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राम फेरन पाण्डेय और भिनगा 289 विधानसभा से सपा प्रत्याशी इंद्राणी वर्मा के समर्थक सड़कों पर उतर कर मिठाई बांटते रहे और एक दूसरे को बधाई देते रहे। मतगणना के रुझान और प्रत्याशियों की हार जीत पर आम मतदाता भी दिन भर खोज खबर लेते रहे। पार्टी समर्थक तो दिन भर कलेक्ट्रेट के आस पास जमा होकर पल पल की खबर लेते रहे। लेकिन लोग टीवी से छिपके रह कर पल पल की खबर लेते रहे। कोई अपनों को फोन करके जानकारी ले रहा था तो कोई आपस में बैठ कर गुणा गणित लगा रहा था। श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के सपा समर्थक 26 राउण्ड तक जीत के प्रति आश्वस्त रहे। लेकिन 27वें राउण्ड से भाजपा प्रत्याशी के आगे निकलने पर मायूस हो गए। वहीं भिनगा से सपा समर्थक शुरू से ही जीत के प्रति आश्वस्त दिखे। मतगणना समाप्त होते ही श्रावस्ती विधानसभा में राम फेरन की जीत पर भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक सड़क पर उतर आए और आतिशबाजी करके तथा मिठाई बांट कर जीत का जश्न मनाया। भाजपा समर्थकों ने इकौना, गिलौला, लक्ष्मननगर आदि स्थानों पर पटाखे फोड़े और मिठाई बांट कर जीत का जश्न मनाया। वहीं सपा समर्थकों ने भिनगा में जश्न मना कर मिठाई बांटी।श्रावस्ती विधानसभा ,290 की सीट भाजपा प्रत्याशी राम फेरन पांडे तथा भिन्गा विधानसभा 289 सपा के की इंद्राणी वर्मा 13574 मतों से जीती - भाजपा के पद्मसेन चौधरी 89825 मत पाकर दूसरे नम्बर पर रहे।

## चुनाव से पहले भ्रम फैलाया गया, पर नाकाम हुईं साजिशें; जीत के बाद गरजे योगी




उत्तर प्रदेश में दूसरी बार भाजपा को बड़ी जीत मिलने का श्रेय सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप को दिया है। सीएम योगी ने कहा कि यह बहुमत भाजपा के राष्ट्रवाद, विकास और सुशासन के मॉडल को यूपी की 25 करोड़ जनता का आशीर्वाद है। इसे हम सबको स्वीकार करते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विकास और सबके प्रयास के नारे पर आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने देखा होगा कि बीते 5 सालों में डबल इंजन की सरकार ने जिस तरह से यूपी में सुरक्षा देने का काम किया, उसे लोगों ने सराहा है। हमने जिस तरह से पीएम मोदी की लीडरशिप में विकास और कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाया है, उसका परिणाम है कि आज जनता ने जातिवाद, वंशवाद की राजनीति को परास्त कर दिया है। सीएम योगी ने कहा कि कोरोना काल में भी हमने आदरणीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में डटकर काम किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की यूपी, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। मैं इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी, होम मिनिस्टर अमित शाह, डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह का धन्यवाद देता हूं। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर पूरे देश की निगाहें थीं। भाजपा और उसके सहयोगी दल अपना दल और निषाद राज पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। इसके लिए हम जनता जनार्दन का हृदय से अभिनंदन और आभार प्रकट करते हैं। मैं उन कोटि-कोटि कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं, जिनके नेतृत्व और परिश्रम से हमें इतना बहुमत मिलता है। राज्य में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए हैं और जनता ने भ्रामक प्रचार को दरकिनार कर दिया है। हम जब राज्य में कोरोना से लड़ रहे थे, तब ये लोग भाजपा और सरकार के खिलाफ साजिश रचने का काम कर रहे थे। आज भाजपा ने इन सबको एक बार फिर से सबक सिखाकर उनकी बोलती बंद करने का काम किया है। हम सभी को अपने कार्यों के माध्यम से एक बार फिर से साबित करना है कि राष्ट्रवाद, विकास और सुशासन के मुद्दे पर जो वोट दिया है, हम उस पर खरा उतरेंगे। सीएम योगी ने कहा कि राज्य की आधी आबादी माताओं, बहनों और बेटियों ने जिस तरह से समर्थन दिया है, उसके चलते भाजपा राज्य में इतिहास बनाने जा रही है। पीएम नरेंद्र मोदी जैसे यशस्वी नेता की लीडरशिप में जब ऐसा प्रचंड बहुमत मिलता है तो यह हमारे लिए गर्व की बात है।

## लोगों के दिमाग में ही चिप, EVM को क्लीन चिट दे बोले ओवैसी; आज से AIMIM का 'मिशन 2027'



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने यूपी में भारतीय जनता पार्टी ( बीजेपी ) की जीत को जनता के आदेश के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने जनता के फैसले का सम्मान करते हुए ईवीएम में धांधली के आरोपों को भी खारिज किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि लोगों के दिमाग में ही एक खास चिप है। ओवैसी ने अपनी पार्टी के खराब प्रदर्शन को लेकर कहा कि उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं मिला है। एएनआई से बातचीत में ओवैसी ने कहा, "जनता ने बीजेपी को सत्ता देने का फैसला किया है। मैं लोगों के फैसले का स्वागत करता हूं। मैं एआईएमआईएम के राज्य प्रमुख, कार्यकर्ताओं, सदस्यों और प्रदेश की जनता का आभार जताता हूं जिन्होंने हमें वोट दिया। हमने काफी कोशिश की थी, लेकिन परिणाम हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं आए। हम दोबारा कड़ी मेहनत करेंगे।" AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने सपा की ओर से उठाए जा रहे ईवीएम के मुद्दे को खारिज किया और कहा, "सभी राजनीतिक दल अपनी हार को छिपाने के लिए ईवीएम का मुद्दा उठाना चाहते हैं। ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं है, लोगों के दिमाग में ही चिप है। यह सफलता है, लेकिन यह 80:20 है।" ओवैसी ने 2027 में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जाहिर करते हुए कल से ही जुटने का ऐलान किया। उन्होंने कहा, "हम कल से दोबारा काम करना शुरू करेंगे और उम्मीद है कि अगली बार बेहतर करेंगे।"

## नालियो के गंदे पानी के बीच आते जाते लोग



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- मुख्यालय भिनगा के नई बाजार के भरत मिलाप चौराहे से सत्ती चौरा मार्ग पर जल भराव होने के लोगो को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है यहाँ तक कि नालियो का गंदा पानी सीधे सड़को पर एकत्र हो जाता है जिससे मुहल्ले के निवासी उसी गंदे पानी से होकर लोग मंदिरों में पूजा पाट भी करने जाते है इस परेशानी से निजात कब मिलेगी । ग्रामीणों ने शासन व प्रशासन से बनवाने की अपील किया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## हम लड़े हनुमान की तरह, अपर्णा यादव ने EVM पर अखिलेश यादव को दिया जवाब



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की जीत सुनिश्चित होने के बाद मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव ने कहा है कि बीजेपी को राष्ट्रवाद के मुद्दे पर जीत मिली है। चुनाव से से ठीक पहले भाजपा में आईं अपर्णा यादव ने हार के लिए ईवीएम में धांधली का आरोप लगा रहे अखिलेश यादव को भी जवाब दिया है न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए अपर्णा यादव ने कहा, ''हर जगह कमल विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। यह हम सब की जीत है।'' अपर्णा यादव से जब ईवीएम पर दिए जा रहे दोष को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, ''यह सब बातें सरकार में रहते हुए... एक समय तक जब आप इतनी बड़ी पार्टी से होते हैं, इस तरह की बात नहीं..., देश का विश्वास है ईवीएम। ईवीएम में ही सभी ने फ्री और फेयर तरीके से मतदान किया है। मुझे नहीं लगता यह अच्छी बात है।'' अपर्णा यादव ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रवाद के मुद्दे पर जीत हुई है। जीत सुनिश्चित हो चुकी है। डंका बज चुका है। उन्होंने कहा, ''हम लड़ें हैं हनुमान की तरह और जीते राम जी की तरह।'' अपर्णा यादव ने कहा कि जो लोग आरोप लगाते थे अब उन्हें आत्ममंथन की जरूरत है। अपर्णा यादव चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हुईं। अखिलेश यादव ने जब स्वामी प्रसाद मौर्य सहित योगी सरकार के तीन मंत्रियों और एक दर्जन से अधिक विधायकों को तोड़ा तो भाजपा ने अपर्णा के रूप में सपा को जवाब दिया था।

## बादल परिवार हारा, पिता, पुत्र ,दामाद और भतीजा सभी हारे, मजीठिया भी नहीं बचा पाए सीट



चंडीगढ़- पंजाब विधानसभा के 2022 के चुनाव के परिणाम लगभग वैसे ही हैं जैसे 1989 में लोकसभा के चुनाव हुए थे। 1989 के संसदीय चुनाव में भी पूर्व मुख्यमंत्री हरचरण बराड़, सुखदेव सिंह ढींडसा ,बलवंत सिंह रामूवालिया जैसे दिग्गजों को नए नए चेहरों मात दी वहीं इन विधानसभा चुनाव ने 1989 का इतिहास दोहराया। जिसमें सबसे दिलचस्प बात है कि 1957 से लेकर अभी तक लगभग सभी विधानसभा में रहने वाले प्रकाश सिंह बादल अपने पूरे परिवार से समेत चुनाव हार गए हैं।

### मजीठिया की पत्नी गुनीव कौर ने बचाई इज्जत

1957 से लेकर अभी तक 11 बार चुनाव जीतने वाले प्रकाश सिंह बादल पांच बार मुख्यमंत्री भी रहे और 95 साल की आयु में चुनाव मैदान में अपनी 12वीं जीत का स्वाद नहीं चख सके। उन्हें लंबी सीट से आम आदमी पार्टी के गुरमीत सिंह खुडियां ने 11396 के फर्क से हरा दिया। यह संयोग ही कहा जाएगा कि उनके 1989 में जगदेव सिंह खुडियां ने पूर्व मुख्यमंत्री हरचरण सिंह बराड़ को फरीदकोट सीट से हराया था। 1997 में बादल परिवार के एक से ज्यादा पारिवारिक सदस्य विधानसभा के सदस्य रहे हैं, लेकिन यह पहला मौका होगा जब परिवार के सभी नेता हार गए हैं। प्रकाश सिंह बादल के अलावा उनके बेटे सुखबीर बादल, उनके भतीजे मनप्रीत बादल, उनके दामाद आदेश प्रताप सिंह कैरों हार गए। सुखबीर बादल के साला साहिब बिक्रम मजीठिया भी अपनी सीट नहीं बचा पाए। हालांकि उनकी पत्नी गुनीव कौर ने मजीठा सीट जीत ली है।

# डिंपल सिटी पर फिर भाजपा का कब्जा, 6163 वोटों से जीते असीम अरुण



डिंपल सिटी कही जाने वाली कन्नौज सीट पर एक बार फिर भाजपा काबिज होने जा रही है। भाजपा प्रत्याशी असीम अरुण इस सीट से चुनाव मैदान में हैं। असीम अरुण को अब तक 120219 वोट मिले हैं। दूसरे नंबर पर रहे सपा प्रत्याशी अनिल दोहरे को 114056 वोट मिले। सूत्रों के मुताबिक असीम अरुण इस सीट से जीत चुके हैं। हालांकि अभी आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है। पहले राउंड से ही इस सीट पर भाजपा और सपा में कड़ी टक्कर चल रही थी। शुरुआत में तो भाजपा आगे निकली, लेकिन कुछ राउंड होने के बाद भाजपा प्रत्याशी पीछे निकल गए और सपा प्रत्याशी आगे निकले गए। वोटों की गिनते खत्म होने तक एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी ने बढ़त हासिल कर जीत की ओर बढ़े। वहीं जिले की छिबरामऊ सीट पर 14 राउंड पूरे हो गए हैं यहां भाजपा प्रत्याशी 4702 वोटों से लीड करते दिख रहे हैं। सपा को यहां 40639 वोट मिले हैं जबकि भाजपा को 45341 वोटों से संतोष करना पड़ा है। तिर्वा के 10 राउंड में सपा 2116 वोटों से लीड करती दिख रही है। हालांकि मतगणना अभी जारी है। इस बार बार कन्नौज से कौन विधानसभा जाएगा, शाम तक फैसला हो जाएगा। बतादें डिंपल सिटी कहे जाने वाली कन्नौज भी इस बार हॉट सिटी में तब्दील हुई है। कानपुर के कमिश्नर असीम अरुण नौकरी छोड़ने के बाद भाजपा के टिकट से इस सीट से चुनाव मैदान में हैं। इसके चलते लोगों की निगाहें पर अब इस सीट के चुनाव परिणामों पर टिकी हुईं। विधानसभा चुनाव के तहत अपने जिले की तीनों विधानसभा सीट पर तीसरे चरण के तहत 20 फरवरी को वोट डाले गए थे। उस दिन डाले गए वोट का नतीजा अब 10 मार्च यानी आज शाम तक आएगा। पहले से ही तय शेडयूल के तहत गुरुवार को निर्धारित समय पर वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। पहले बैलेट वोट गिने जाएंगे। उसके बाद बारी-बारी से सभी निर्धारित टेबल पर वोटों की गिनती होगी। पहला रुझान सुबह नौ बजे आएगा। दोपहर 12 बजे तक बहुत हद तक रुझान आ जाएगा। दो बजे तक बढ़त की तस्वीर मिल जाएगी। चार बजे तक पूरा नतीजा आ जाएगा। वोटों की गिनती के लिए प्रशासनिक तैयारियां को फाइनल टच दे दिया गया है। अब जबकि वोटिंग हो चुकी है। 10 मार्च को वोटों की गिनती होगी। गिनती के लिए प्रशासन ने खाका बना लिया है। तीनों विधानसभा की वोटों की गिनती गल्ला मंडी में बने अलग-अलग शेड में होगी। तीनों सीट के ईवीएम में वोटों की गिनती अलग-अलग शेड में अलग-अलग 14 टेबिल पर की जाएगी।

### ईवीएम से पहले गिना जाएगा बैलेट वोट

ईवीएम की गिनती शुरू होने से पहले बैलेट वोट गिने जाएंगे। जिन कर्मचारियों ने अपनी ट्रेनिंग के दौरान ही वोट डाले थे, उनसभी को बारी-बारी से गिना जाएगा। इसके अलावा आयोग की पहल पर जिन बुजुर्गों और दिव्यांगों के वोट उनके घर पर जाकर लिए गए थे, उनके भी वोट खुलेंगे। उसकी गिनती पूरी होने के बाद ही ईवीएम की गिनती शुरू होगी।

### कन्नौज सदर- 36 राउंड में पूरी होगी वोटों की गिनती

कन्नौज के सभी 499 बूथों की वोटों की गिनती 35 राउंड में 490 बूथों के ईवीएम के वोट गिने जाएंगे। आखिरी रांउड में सिर्फ नौ बूथ के वोट की गिनती होगी। इस तरह इस सीट के लिए 36 राउंड तक गिनती होगी। हर राउंड में 14 बूथ के ईवीएम के वोट गिने जाएंगे।

### तिर्वा विधानसभा- 37 राउंड के बाद नतीजा

तिर्वा विधानसभा सीट में 509 बूथ हैं। यहां के वोटों की गिनती भी अलग-अलग 14 टेबिल पर होगी। एक राउंड में 14 टेबिल की गिनती पूरी होने के बाद अगले 14 बूथ के वोट गिने जाएंगे। इस तरह यहां 36 राउंड में 504 बूथ के वोट गिन लिए जाएंगे। आखिरी और 37वें राउंड में बचे हुए सिर्फ पांच बूथ की गिनती होगी।

### छिबरामऊ सीट- 41 राउंड के बाद रिजल्ट

छिबरामऊ सीट में सबसे ज्यादा 573 पोलिंग बूथ हैं। सभी बूथ पर एक-एक करके पहले राउंड में 14 बूथ के ईवीएम की गिनती होगी। इस तरह 40 राउंड तक इस सीट के 560 बूथ के वोटों की गिनती हो जाएगा। आखिरी राउंड में बचे हुए 13 बूथ के वोटों की गिनती होगी। इस सीट पर नतीजा आने में सबसे ज्यादा समय लगेगा।

# बरेली की मीरगंज सीट से भाजपा की बड़ी जीत, डीसी वर्मा ने सपा के सुल्तान बेग को 33000 वोटों से हराया

बरेली की नौ विधानसभा सीटों पर चल रही मतगणना में मीरजगंज विधानसभा सीट का रिजल्ट आ गया है। इस सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ. डीसी वर्मा ने सपा प्रत्याशी सुल्तान बेग को बड़े अंतर से हरा दिया है। डीसी वर्मा को 33000 हजार वोटों से जीत मिली है। बता दें कि सुबह से ही इस सीट पर भाजपा और सपा में कड़ी टक्कर देखने को मिल रही थी। पहले राउंड से ही भाजपा आगे चल रही थी। भाजपा प्रत्याशी की जीत के बाद समर्थकों में



खुशी की लहर दौड़ गई। होली से पहले ही कार्यकर्ता रंगों में रंगे नजर आए। वहीं हार के बाद सपा प्रत्याशी सुल्तान बेग मायूस होकर जाते दिखे।

## पाला बदलना नहीं आया काम, धर्मसिंह सैनी भी चुनाव हारे; बीजेपी के मुकेश चौधरी ने मारी बाजी



ऐन चुनाव के पहले मंत्री पद से इस्तीफा देकर भाजपा का साथ छोड़ सपा में शामिल हुए धर्म सिंह सैनी की रणनीति भी स्वामी प्रसाद मौर्य की तरह फेल हो गई। यूपी के सहारनपुर जिले की नकुड विधानसभा सीट से वह चुनाव हार गए हैं। कांटे की टक्कर में भाजपा के मुकेश चौधरी ने सैनी को चुनाव हरा दिया। हालांकि सैनी ने कई चरणों की मतगणना तक बढ़त बनाए रखी थी। 26 वें राउंड की काउंटिंग के बाद वह करीब 4800 वोटों से आगे चल रहे थे लेकिन भाजपा के मुकेश चौधरी ने उनका पीछा करना जारी रखा और अंततः धर्मसिंह सैनी को नकुड़ सीट पर बाजी हारनी पड़ी। नकुड़ सीट कैराना लोकसभा क्षेत्र में आती है। गौरतलब है कि चुनाव के ठीक पहले स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद धर्म सिंह सैनी ने भी पाला बदलते हुए भाजपा का साथ छोड़ दिया था। योगी सरकार के इन दोनों पूर्व मंत्रियों के लिए साल-2022 का चुनाव रणनीतिक चूक का सबब साबित हुआ। कुशीनगर की फाजिलनगर सीट पर स्वामी प्रसाद मौर्य भी बीजेपी के सुरेन्द्र कुशवाहा से काफी पीछे चल रहे हैं।

### सपा को दोनों पर था भरोसा

धर्मसिंह सैनी और स्वामी प्रसाद मौर्य पर सपा को काफी भरोसा था। दोनों के भाजपा छोड़ सपा में आने पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव काफी खुश थे। इस चुनाव में प्रदेश के छोटे-छोटे दलों को साथ ले अखिलेश ने गैरयादव पिछड़ी जातियों के वोट बटोरने की कोशिश की थी लेकिन 10 मार्च को हो रही मतगणना में उनके हाथ निराशा ही लगी है।

## इस हार से हैरान हूं, न जाने क्यों भाजपा को जिता रही है जनता: हरीश रावत



2017 के बाद 2022 में भी उत्तराखंड के पूर्व सीएम एवं कांग्रेस नेता हरीश रावत को हार सामना करना पड़ा है। लालकुंआ विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी मोहन सिंह बिष्ट ने उनको 14 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। कांग्रेस ने हरीश रावत को रामनगर विधानसभा सीट से हटाकर लालकुआं सीट पर उतार दिया था जिसके बाद से लालकुआं हॉट सीट बन गई थी। आपको बता दें कि हरीश रावत 2017 विधानसभा चुनाव में दो सीटों पर चुनाव लड़े थे और हार गए थे। हार के बाद हरीश रावत का दुख छलगा है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए, परिणाम बहुत आश्चर्यजनक हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि इतनी भारी महंगाई के बाद, अगर यह जनता का जनादेश होता, तो लोक कल्याण और सामाजिक न्याय की परिभाषा क्या होती? इसके बाद बीजेपी जिंदाबाद कहने वाले लोग मुझे समझ नहीं पाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी अभियान रणनीति अपर्याप्त थी और मैं इसे अभियान समिति के अध्यक्ष के रूप में स्वीकार करता हूं। हरिश रावत ने कहा कि उत्तराखंड की जनता का दिल जीतने की हमारी कोशिश कुछ कम थी। हमें यकीन था कि लोग बदलाव के लिए वोट करेंगे, हमारे प्रयासों में कोई कमी रही होगी, मैं इसे स्वीकार करता हूं और हार की जिम्मेदारी लेता हूं। लोगों ने बहुत अच्छा काम किया और मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं लोगों का विश्वास नहीं जीत सका लेकिन मैं अपनी बेटी और जीतने वाले सभी उम्मीदवारों को बधाई देना चाहता हूं। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री रहते हुए हरीश रावत ने साल 2017 के विधानसभा चुनाव में दो सीटों ( हरिद्वार ग्रामीण और किच्छा ) से विधानसभा चुनाव लड़े थे. लेकिन उन्हें दोनों ही सीटों पर हार का मुंह देखना पड़ा था। इस बार उन्होंने नैनीताल जिले में हल्द्वानी के पास लालकुआं विधानसभा से चुनाव लड़े और इस बार भी राज्य की जनता ने उन पर भरोसा नहीं दिखाया और चुनाव हार गए।

www.knlslive.com

## कोई दीवाना मालूम पड़ता है. BJP की जीत से दुखी सपा कार्यकर्ता ने किया आत्मदाह का प्रयास



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) की जीत से आहत समाजवादी पार्टी ( सपा ) के एक कार्यकर्ता ने गुरुवार को यूपी विधानसभा के सामने आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि, वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने समय रहते उसे बचा लिया। उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सीटों के लिए मतगणना चल रही है। अब तक के रुझानों में भाजपा सुबह से ही मजबूत बढ़त बनाए हुए है, जबकि सपा दूसरे नंबर पर चल रही है। वहीं, कांग्रेस भी बसपा से आगे निकल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर सदर सीट से और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव करहल सीट से लगातार मजबूत बढ़त बनाए हुए हैं जबकि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सिराथू सीट से पीछे चल रहे हैं। पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ रहे योगी आदित्यनाथ लखनऊ में अपने सरकारी आवास से चुनाव नतीजों पर टेलीविजन के जरिए नजर रख रहे हैं। वहीं, गोरखपुर में गोरक्षनाथ पीठ के साथ-साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय पर जीत का जश्न मनाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता गोरखपुर के बेनीगंज स्थित भाजपा कार्यालय में इकट्ठा हो गए हैं और %जय श्री राम% तथा %मोदी योगी जिंदाबाद% के नारे लगाते हुए पटाखे जलाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवा आश्रम में भी एकत्र हुए हैं, जहां वे बड़े स्क्रीन पर चुनाव के नतीजे देख रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर कोई खास हलचल नहीं दिखाई दे रही है। यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों के लिए सोमवार को चुनाव संपन्न होने के बाद विभिन्न एजेंसियों की ओर से किए गए एग्जिट पोल के मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) को प्रदेश में बहुमत मिलने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में इस बार कुल 7 चरण में मतदान हुआ था। बता दें कि, 2012 से 2017 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी को 2017 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सीटों में सिर्फ 47 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने अकेले 312 और उसके सहयोगियों ने 13 सीटें जीती थीं। वहीं, बसपा को 19, कांग्रेस को 07 सीट और अन्य को 5 सीटें मिली थीं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को भारी जीत मिली थी।

## अब PM नरेंद्र मोदी मोदी को टेंशन देने की तैयारी में 'आप', पंजाब जीतने के बाद कहा- अगला टारगेट गुजरात



पंजाब विधानसभा चुनाव में जोरदार जीत हासिल करने के बाद अब आम आदमी पार्टी ने पीएम मोदी की टेंशन बढ़ाने का इरादा बना लिया है। जीहां, इस साल दिसंबर में गुजरात में होने वाले चुनावों में तगड़ी दावेदारी पेश करने की तैयारी में है। वहीं उसका इरादा दिल्ली में स्थानीय निकायों के चुनाव में भी परचम फहराने का होगा।

### सबसे तेजी से बढ़ने वाली पार्टी

26 नवंबर, 2012, संविधान दिवस का मौका। इंजीनियर से लोकसेवक बने अरविंद केजरीवाल ने इंडिया अगेंस्ट करप्शन के साथियों संग मिलकर एक नई पार्टी लांच की। इस पार्टी का नाम था आम आदमी पार्टी। लक्ष्य बताया गया वैकल्पिक राजनीति मुहैया कराना। नौ साल तीन महीने के बाद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी देश की सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली पार्टी बन चुकी है। पंजाब विधानसभा चुनाव में झाड़ू लगाने के बाद आप देश की पहली क्षेत्रीय पार्टी बन गई है, जिसने दूसरे प्रदेश में चुनाव जीता है। इसके साथ ही वह अन्य राज्यों में अपने फैलाव की तरफ ध्यान लगाने लगी है।

### गुजरात में टक्कर देने की तैयारी

गौरतलब है कि गुजरात में भाजपा बेहद मजबूत मानी जाती है। आम आदमी पार्टी ने अपना लक्ष्य स्पष्ट कर लिया है कि गुजरात चुनावों में उसे सत्ताधारी भाजपा को टक्कर देना है। इस तरह से आम आदमी पार्टी कांग्रेस को पूरी तरह से पीछे छोड़ देना चाहती है। पंजाब की जीत के बाद आप के गुजरात प्रभारी गुलाब सिंह ने भी यह बात स्वीकार की। उन्होंने कहाकि आज की जीत ने हमारे गुजरात के काडर को काफी प्रेरित किया है। अगले नौ महीने में हम पुरजोर ढंग से तैयारी करेंगे और भाजपा को टक्कर देने वाली मुख्य पार्टी बनने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस को यहां लोग 27 साल से नकार रहे हैं। गुलाब सिंह ने कहाकि पंजाब में मिली जीत ने गुजरात में हमारे समर्थकों को एक नई उम्मीद से भर दिया है। उन्होंने बताया कि केजरीवाल और भगवंत मान अप्रैल के पहले हफ्ते में गुजरात आ रहे हैं। यहां पर हम लोग पंजाब में मिली जीत को सेलिब्रेट करेंगे। तब तक हमारा काडर 16 मार्च तक गुजरात की हर गली में विजय जुलूस निकालेगा। हम यहां कांग्रेस को पूरी तरह से उखाड़ फेंकेंगे।

### यूपी-उत्तराखंड में फीका रहा चुनाव

पांच राज्यों, उत्तर प्रदेश, पंजाब, गोवा, उत्तराखंड मणिपुर में आम आदमी पार्टी ने चार में अपने प्रत्याशी उतारे थे। इसमें पंजाब में पार्टी ने गुरुवार को शानदार जीत हासिल की। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने इस जीत के बाद भगवंत मान की एक फोटो ट्वीट की। इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा, इस इंकलाब के लिए पंजाब के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। गोवा में आप दूसरी बार चुनाव लड़ रही थी। शाम करीब पांच बजे तक गोवा में आम आदमी पार्टी एक सीट जीत चुकी थी और दूसरी पर आगे चल रही थी। केजरीवाल ने ट्वीट किया, आप गोवा में दो सीटें जीत रही है। बधाई, यह गोवा में ईमानदार राजनीति की शुरुआत है। हालांकि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जहां कि आप पहली बार चुनाव लड़ रही थी, उसका प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। पार्टी के दिल्ली कन्वेनर गोपाल राय ने भी यह बात स्वीकार की।

www.knlslive.com

## उम्मीदें टूटने से सपा कार्यकर्ताओं में मायूसी, प्रदेश कार्यालय के बाहर नहीं दिख रहे समर्थक



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में उम्मीदें परवान न चढ़ने की मायूसी समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर देखने को मिली। यहां मतगणना एक्सप्रेस पर लगी भारी भरकम एलईडी टीवी बंद थी। चुनाव के कारण जहां कार्यकर्ताओं का हुजूम जुटता था, वहां कुल जमा मुट्ठी भर कार्यकर्ता ही थे। वह अपने मोबाइल फोन पर रिजल्ट देखने में जुटे थे। समर्थक रह-रहकर जय-जय अखिलेश के नारे लगा रहे थे, मगर हार का मलाल चेहरे पर झलक रहा था। लखनऊ में विधानसभा चुनाव के लिए सुबह मतगणना शुरू होने के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखाई दे रहा था। जैसे से मतगणना आगे बढ़ी रुझानों और नतीजों ने जोश कम कर दिया। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को इस बात की बिल्कुल भी उम्मीद नही थी। पार्टी के कार्यकर्ता से लेकर नेता तक में अपनी पार्टी की जीत को लेकर गज़ब का आत्मविशावस दिखाई दे रहा था। पार्टी के नेता एग्जिट पोल के बाद भी पूरे जोश और जीत की उम्मीद में थे।

रुझानों के नतीजे बदलने के साथ ही रंग भी बदलने लगा। राजधानी लखनऊ में विक्रमादित्य मार्ग पर स्थित सपा के प्रदेश कार्यालय के बाहर खड़े कुछ कार्यकर्ताओं से जब पूछा गया कि कहां कसर रह गई तो बोले अभी फाइनल रिजल्ट नहीं आया है, जितनी सीटें दिखा रहे हैं उसमें कई सीटें बहुत कम मार्जिन से हम पीछे हैं। शाम तक उलटफेर होगा। कोई बिहार चुनाव तो कोई पश्चिम बंगाल के परिणामों का तर्क देने लगा। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे सफेद रंग की एक गाड़ी मिठाई के डिब्बे लेकर सपा दफ्तर के अंदर घुसने लगी तो कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की। गाड़ी अंदर घुसते ही फिर खामोशी पसर गई।

## इस हार से हम सीख लेंगे, चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद बोले राहुल गांधी



यूपी, पंजाब समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कांग्रेस की करारी हार पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का बयान सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने जनता के फैसले को विनम्रता से स्वीकर करने की अपील करते हुए कहा है कि इस हार से हम सीख लेंगे। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को कारारी हार का सामना करना पड़ा है। यहां तक कि पार्टी को पंजाब में अपनी सत्ता भी गंवानी पड़ गई है। चुनाव परिणामों को लेकर राहुल गांधी ने ट्वीट किया %जनता के फैसले को विनम्रता से स्वीकार करें। जनादेश जीतने वालों को शुभकामनाएं। मैं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और वालंटियर को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए धन्यवाद देता हूं। हम इससे सीखेंगे और भारत के लोगों के हित के लिए काम करते रहेंगे।% पांच राज्यों के चुनाव परिणाम की बात करें तो यूपी में कांग्रेस का खाता भी खुलेगा या नहीं इस पर संशय बरकरार है। हालांकि, वो एक-दो सीट पर आगे चल रही है। दूसरी ओर उत्तराखंड में भी पार्टी का बुरा हाल हुआ है। उत्तरांखड में बीजेपी की फिर वापसी हो रही है जबकि कांग्रेस मात्र 18 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं, पंजाब में भी कांग्रेस धड़ाम हो गई है। सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ज्यादा कुछ नहीं कर पाई है। 91 सीटों पर बढ़त के साथ आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भगवंत मान अगले सीएम होंगे। भगवंत मान धुरी विधानसभा सीट से जीत चुके हैं। जबकि कांग्रेस पार्टी की बुरी दशा जारी है। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी दोनों सीटों से चुनाव हार गए हैं। वहीं, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू भी अपनी सीट हार गए हैं। उन्हें आप कैंडिडेट जीवनजोत कौर ने हरा दिया है। अकाली परिवार भी इस चुनाव में बुरी हार का सामना कर रही है। पार्टी के दोनों दिग्गज प्रकाश सिंह बादल और सुखबीर सिंह बादल अपनी सीटें हार गए हैं। यहां कैप्टन अमरिंदर सिंह भी पटियाल सीट से चुनाव हार गए हैं।

## सोनू सूद की बहन मालविका सूद 20,000 से अधिक मतों से हारीं, पंजाब में बनेगी aap की सरकार



आम आदमी पार्टी पंजाब में अधिकांश सीटों पर आगे चल रही है, और उसके मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भगवंत मान धुरी सीट से जीत चुके हैं। जबकि सीएम चरणजीत सिंह चन्नी अपनी दोनों सीटों से हार गए हैं। पांच बार के सीएम रहे प्रकाश सिंह बादल लंबी सीट से आप के गुरमीत खुदियां से 11,357 वोटों से हार गए। पंजाब की 117 सीटों पर शुरुआती रुझानों में आम आदमी पार्टी ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है और क्लीन स्वीप की ओर है। पंजाब के मुख्यमंत्री, चरणजीत सिंह चन्नी ने राज्य विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद हार स्वीकार कर ली। चन्नी ने एक ट्वीट में %लोगों के फैसले को स्वीकार किया% और आप को बधाई दी। उन्होंने कहा, 卐मैं पंजाब के लोगों के फैसले को विनम्रता से स्वीकार करता हूं और आप और उनके चुने हुए सीएम भगवंत मान जी को जीत के लिए बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।卐 पंजाब के मोगा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सोनू सूद की बहन मालविका सूद को आप की डॉ अमनदीप कौर अरोड़ा ने 20,000 से अधिक मतों से हराया है। पंजाब के मंत्री राणा गुरजीत सिंह और उनके बेटे राणा इंदर प्रताप सिंह, जिन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा, ने गुरुवार को अपनी-अपनी विधानसभा सीटों कपूरथला और सुल्तानपुर लोधी से जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम आम आदमी पार्टी ( आप ) के प्रतिद्वंद्वियों को हराया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद कहा %देश में ईमानदार राजनीति की नई उम्मीदों की इस शानदार जीत के लिए आप सभी को बधाई।% अमृतसर पूर्व से आप उम्मीदवार जीवन ज्योत कौर ने नवजोत सिंह सिद्धू और बिक्रम सिंह मजीठिया को हराया। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष और मौजूदा विधायक नवजोत सिंह सिद्धू और पूर्व मंत्री और शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया अपने करियर में पहली बार हार गए।जैसे ही दोपहर में भगवंत मान की जीत पक्की हुई, पंजाब में उनके घर के बाहर मुख्यमंत्री पद के लिए सुरक्षा सामग्री पहुंचनी शुरू हो गई है। इसमें एक बुलेटप्रूफ लैंड क्रूजर शामिल है।

### पंजाब में यह बहुत बड़ा इंकलाब है- केजरीवाल

√ पंजाब में यह बहुत बड़ा इंकलाब है। पंजाब में बड़ी-बड़ी कुर्सियां हिल गईं। सुखबीर सिंह बादल, कैप्टन अमरिंदर सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी, प्रकाश सिंह बादल, नवजोत सिंह सिद्धू, बिक्रम सिंह मजीठिया हार गए। यह बहुत बड़ा इंकलाब है: आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, दिल्ली

## सीएम योगी आदित्यनाथ जीते, फाजिलनगर में स्वामी प्रसाद मौर्य की करारी हार



यूपी विधानसभा चुनाव के नतीजे लगभग साफ हो गए हैं। लगभग दो महीने लंबी चली कवायद के बाद अब सबकी निगाहें नतीजों पर हुई हैं। प्रदेश में 403 सीटों के लिए सात चरणों में मतदान हुए थे। सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू हो गई है। शुरुआती रुझानों में बीजेपी ने बहुमत हासिल कर लिया है। लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर समर्थकों ने नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के पोस्टर लगा दिए। चुनाव आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के मतगणना के दौरान और बाद में विजय जुलूसों पर लगे प्रतिबंध के दिशानिर्देशों में ढील देने का निर्णय लेते हुए विजय जुलूसों पर प्रतिबंध वापस ले लिया है। वहीं, रुझानों में सीएम योगी गोरखपुर शहर सीट से तो अखिलेश यादव करहल सीट से आगे चल रहे हैं, जबकि बीजेपी का साथ छोड़ सपा का दामन थामने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य फाजिलनगर विधानसभा सीट पर पीछे चल रहे हैं। अपर्णा यादव ने कहा, जो लोग तुष्टीकरण की राजनीति करते थे उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिला है, मेरे विश्वास की प्रचंड जीत हुई है। जिस तरह से योगी जी ने इसे आत्मसात किया मुझे लगता है कि इससे अच्छी सरकार नहीं हो सकती। आज मैं सिर्फ एक ही नारा दूंगी हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सब के सब हैं भाजपाई. मथुरा की मांट विधानसभा सीट पर बीजेपी ने पहली बार जीत हासिल की है। राजेश चौधरी ने आठ बार के विधायक बसपा के श्यामसुंदर शर्मा को हराया है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की जीत के साथ ही प्रयागराज शहर और जिले में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन से भाजपा खेमे में जबर्दस्त उत्साह है। जगह जगह कार्यकर्ता जश्न मनाने में जुट गए। मतगणना स्थल के बाहर जय श्रीराम के नारों के साथ नाचने-झूमने लगे। ढोल मजीरे की धुन पर अबीर गुलाल उड़ने लगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर सदर से बड़ी जीत हासिल की है। उन्होंने सपा की सुभावती उपेंद्र दत्त शुक्ला को 50 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। नोएडा विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी पंकज सिंह ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने लगभग 1 लाख 80 हजार वोटों से जीत दर्ज की